# मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय
# उदयपुर

क्रमांक / मोलासुविवि / परीक्षा / 2021 / 1086

दिनांक : 13.02.2021

## अधिसूचना संख्या – 07 (ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र 2021)

**बिन्दु सं. – 1.** विश्वविद्यालय अधिसूचना संख्या 01 दिनांक 23.01.2021 के क्रम में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध / संघटक महाविद्यालयों के निम्नांकित शेष पाठ्यक्रमों / कक्षाओं में अध्ययनरत नियमित, पूर्व एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिए **मुख्य परीक्षा–2021** के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन माध्यम से आमन्त्रित किये जाते हैं, जिसका कार्यक्रम निम्नानुसार घोषित किया जाता है :–

| क्र. सं. | पाठ्यक्रम का नाम व श्रेणी(केटेगरी) | आवेदन पत्र भरने की प्रारम्भ तिथि | सामान्य शुल्क से आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | विलम्ब शुल्क रूपये 500 / – के साथ – अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | B.A. – II Year (Private)<br>B.Com.- II Year (Private) | 15.02.2021 | 22.02.2021 | 03.03.21 से 05.03.21 तक |
| 2 | B.A. – III Year (Private)<br>B.Com.- III Year (Private) | 19.02.2021 | 26.02.2021 | 08.03.21 से 10.03.21 तक |
| 3 | B.A./B.A.ADDITIONAL/B.A.HON'S/ B.COM./B.SC./BCA/B.SC. HOME SC./ B.SC. BIOTECH./ LL.B PART-I, II, III /DLL – All Regular & Ex Candidates | 23.02.2021 | 02.03.2021 | 12.03.21 से 15.03.21 तक |
| 4 | M.A./M.COM. Prev.& Final/B.ED. PART-I,II/M.ED./B.A.B.ED./ B.SC.B.ED PART-I, II, III, IV/ UGC ORIENTED COURSES/ ALL U.G. & P.G. DIPLOMA/ CERTIFICATE COURSES - All Regular & Ex Candidates | 27.02.2021 | 06.03.2021 | 16.03.21 से 18.03.21 |

**बिन्दु सं. – 2.** विश्वविद्यालय अधिसूचना सं. 01, 03 व 06 के क्रम में संबंधित परीक्षार्थियों के लिए निम्नानुसार विलम्ब शुल्क के साथ अंतिम तिथि बढ़ाई जाती है :–

| क्र. सं. | पाठ्यक्रम का नाम व केटेग्री | विलम्ब शुल्क रूपये 500 / – के साथ – अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1. | B.A. – I Year (Private), B.Com.- I Year (Private)<br>M.A./M.Com. Prev. & Final (Private)<br>M.SC. Prev. & Final Maths (Private) | 22.02.21 से 24.02.21 तक |

उपर्युक्त बिन्दु सं. 1 व 2 से संबंधित परीक्षार्थी उक्त निर्धारित अंतिम तिथि के 04 दिवस के अन्दर अपना परीक्षा आवेदन पत्र की मुद्रित प्रति (हार्ड कॉपी) मय आवश्यक दस्तावेज अपने से संबंधित महाविद्यालय में जमा करवाना सुनिश्चित करावें।

**बिन्दु सं. – 3.** विश्वविद्यालय के समस्त परीक्षार्थियों की सुविधा को देखते हुए यदि उपर्युक्त निर्धारित अंतिम तिथि तक (बिन्दु सं. 1 व 2 में वर्णित अंतिम तिथि तक) भी यदि कोई–कोई परीक्षार्थी किसी कारणवश अपना परीक्षा आवेदन पत्र भरने से वंचित रह जाते हैं, ऐसे परीक्षार्थियों के लिए भिन्न–भिन्न विलम्ब शुल्क के साथ निम्न शर्तों के साथ ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र (वार्षिक पद्धति के समस्त पाठ्यक्रमों में) भरने की अनुमति प्रदान की जाती है :–

| | |
|---|---|
| दिनांक 19.03.2021 से 25.03.2021 तक | विलम्ब शुल्क रू. 1000 / – से |
| दिनांक 26.03.2021 से 31.03.2021 तक | विलम्ब शुल्क रू. 2000 / – से |

क्रमशः.........2

<u>बिन्दु सं. 3 में विनिर्दिष्ट परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :– (19.03.21 से 31.03.21 तक विलम्ब शुल्क से संबंधित)</u>

1. स्वयंपाठी परीक्षार्थी अपना ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरकर सीधे ही विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करावें।
2. <u>नियमित परीक्षार्थी अपना ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भर कर अपने से संबंधित महाविद्यालय से अग्रेषित करवा कर विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करावें।</u>
3. दिनांक 31.03.2021 के पश्चात् किसी भी स्थिति में अंतिम तिथि नहीं बढ़ायी जायेगी।

**<u>समस्त परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक निर्देश</u> :–**

1. परीक्षा शुल्क डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैकिंग, UPI एवं PAYTM के माध्यम से स्वीकार किया जायेगा।
2. संबंधित परीक्षार्थी अपना परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन माध्यम से सावधानी पूर्वक भरें, आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर अपना आधार कार्ड नम्बर अनिवार्य रूप से दर्ज करें तथा आवेदन पत्र की मुद्रित प्रति (हार्ड कॉपी) मय आवश्यक दस्तावेजों के ***<u>अंतिम तिथि की प्रतिक्षा किये बिना शीघ्रातिशीघ्र अपने से संबंधित महाविद्यालय में जमा करावें।</u>***
3. परीक्षार्थियों द्वारा डाक से प्रेषित परीक्षा आवेदन पत्रों को विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जायेगा, अतः संबंधित परीक्षार्थी उपर्युक्त निर्धारित समय में अपने से संबंधित महाविद्यालय में परीक्षा आवेदन पत्र जमा करायें। ***<u>महाविद्यालय द्वारा अग्रेषित परीक्षा फॉर्म ही स्वीकार होंगे।</u>***
4. परीक्षा फॉर्म भरने संबंधी समस्या के लिए हेल्पलाईन नम्बर 0294–2471505, 2471506 पर प्रातः 10.00 बजे से सांय 06.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं तथा Email: helpline@mlsu.ac.in के माध्यम से भी अपनी समस्या का समाधान कर सकते हैं।
5. ***<u>संबंधित परीक्षार्थी कृपया ध्यान देवें कि विलम्ब शुल्क से बचने के लिए अपना ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र शीघ्रातिशीघ्र भरें।</u>***
6. जिन परीक्षार्थियों ने निर्धारित अंतिम तिथि तक अपने परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी संबंधित महाविद्यालय में जमा नहीं करवाई है, ऐसे परीक्षार्थी रू. 500/– विलम्ब शुल्क के साथ अपना परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा कराना सुनिश्चित करें।

(डॉ.आर.सी.कुमावत)
परीक्षा नियंत्रक

<u>प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु</u> :–

1. अधिष्ठाता/प्राचार्य/निदेशक, समस्त संघटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालय को भेजकर लेख है कि :–

(अ) परीक्षार्थियों की सूची कॉलेज पेनल से प्राप्त कर परीक्षा फार्म मय संलग्नकों के वर्णानुकम (Alphabetical order) में कक्षावार/महाविद्यालयवार सूची तैयार करके अंतिम तिथी से 07 दिन के अन्दर, विश्वविद्यालय भिजवावें। इसके लिए विश्वविद्यालय नियमानुसार यात्रा भत्ता देय होगा तथा निर्धारित तिथियों के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों के लिए विश्वविद्यालय से कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा, साथ ही विलम्ब से भेजे गये आवेदन पत्रों के लिए पेनाल्टी का भी प्रावधान है।

(ब) उपरोक्त वर्णित तिथियों को यदि महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय में परीक्षा आवेदन पत्र वर्णानुकम (Alphabetical order) में कक्षावार करके जमा नहीं करवा पाते हैं, तो महाविद्यालय को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमों के तहत पेनाल्टी जमा करानी होगी।

(स) आवेदन पत्रों के साथ **Details of Registered Students** की सूचि मय **Fee Report** एक प्रति में विश्वविद्यालय के परीक्षा अनुभाग में जमा करावें, इसके अभाव में अग्रेषण शुल्क का भुगतान संभव नहीं होगा।

(द) नोटिस बोर्ड पर विज्ञप्ति चस्पा करते हुए सूचित किया जाता है कि परीक्षा संबंधी जानकारी के लिए विश्वविद्यालय वेबसाइट **www.mlsu.ac.in** का निरन्तर अवलोकन करें।

2. कुलसचिव/वित्त नियंत्रक/परीक्षा नियंत्रक/परिणाम प्रभारी/लेखाधिकारी, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
3. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
4. इन्चार्ज, इन्टरनेट केन्द्र, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर को भेजकर लेख है कि उपर्युक्त अधिसूचना को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करावें।
5. वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी गोपनीय/परीक्षा विभाग, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर।
6. आई.टी.आई. इण्डिया लिमिटेड, न्यू दिल्ली।
7. विश्वविद्यालय हेल्पलाईन

उप कुलसचिव(परीक्षा)